राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

# राज्यपाल ने श्री भजन लाल को मुख्यमंत्री पद की शपथ के लिए आमन्त्रित किया

जयपुर, 12 दिसम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से मंगलवार सांय यहां राजभवन में श्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के उच्चस्तरीय शिष्टमंडल ने मुलाकात की।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री सी पी जोशी ने राज्यपाल श्री मिश्र को राजस्थान में मुखयमंत्री के रूप में श्री भजन लाल शर्मा के नाम का पत्र प्रस्तुत किया। उन्हें विधायक दल का नेता चुने जाने संबंधी पत्र भी सौंपा।

राज्यपाल श्री मिश्र को रक्षा मंत्री और पर्यवेक्षक भारतीय जनता पार्टी श्री राजनाथ सिंह ने इस दौरान अपने एक सौ पंद्रह विधायकों की सूची भी प्रस्तुत की।

---






भाजपा

